## संपादकीय

### टेलिकॉम सेक्टरः बकाया और मनमानी

सुप्रीम कोर्ट ने टेलिकॉम कंपनियों को उनके सरकारी बकाये में राहत देने से साफ इनकार कर दिया है। 1 लाख 47 हजार करोड़ रुपये के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) मामले में कोर्ट ने कहा है कि टेलिकॉम कंपनियों पर बकाया राशि का फिर से आकलन करना कोर्ट की अवमानना होगी। कंपनियों ने पिछले 18 वर्षों में जिस घोषित नीति के तहत कमाई की है, उसी के तहत उन्हें भुगतान भी करना होगा। अगर सरकार ने उन्हें एजीआर का हिसाब नए सिरे से करने की इजाजत दी तो यह धोखा होगा। एजीआर विवाद में कोर्ट ने 24 अक्टूबर 2019 को दूरसंचार विभाग के पक्ष में फैसला देते हुए टेलिकॉम कंपनियों को ब्याज और पेनल्टी समेत बकाया चुकाने का आदेश दिया था।

दूरसंचार विभाग के मुताबिक टेलिकॉम कंपनियों पर उसके 1.47 लाख करोड़ रुपये बकाया हैं, लेकिन वे 'सेल्फ-असेसमेंट' कर पार्ट पेमेंट कर रही हैं। हाल में दूरसंचार विभाग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर टेलिकॉम कंपनियों को बकाया भुगतान के लिए 20 साल का समय देने पर विचार करने की अपील की थी। साथ ही बकाये पर पेनल्टी और ब्याज में राहत देने का अनुरोध भी किया था। कोर्ट ने इस अपील के एक पहलू को साफ ठुकराते हुए कहा है कि कंपनियों को बकाया, ब्याज और पेनल्टी बीते 24 अक्टूबर के फैसले के मुताबिक ही चुकानी होगी। इसके दूसरे पहलू यानी दूरसंचार क्षेत्र के संकटग्रस्त हो जाने की दलील पर दो हफ्ते बाद होने वाली अगली सुनवाई में विचार किया जाएगा, जहां कंपनियां भुगतान की अवधि बढ़ाए जाने की उम्मीद कर सकती हैं। आज जब दुनिया 5-जी की ओर कदम बढ़ा रही है, तब भारत में दूरसंचार क्षेत्र का बीमार दिखना अच्छा संकेत नहीं है। दूरसंचार विभाग और दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अगर समय रहते राजस्व आकलन का मामला सुलझा लिया होता तो हालात इतने नहीं बिगड़ते। लेकिन इस उलझाव के समानांतर दूरसंचार कंपनियां भी बुरी तरह आपसी होड़ में उलझी रहीं। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता बनाए, भारत में मोबाइल सेवाएं दुनिया भर से सस्ती हो गईं, लेकिन गुणवत्ता का स्तर जैसे का तैसा बना रहा। इस दौर उन्हें अपनी बैलेंस शीट का ध्यान ही नहीं रहा, या वे शायद इस भ्रम में थीं कि सरकार पर दबाव डालकर अपनी देनदारी कम करा लेंगी। बहरहाल, अभी सुप्रीम कोर्ट के सख्त रवैये से उनके सामने संकट गहरा गया है। वोडाफोन-आइडिया ने पहले ही संकेत कर दिया है कि उसे अपना कारोबार बंद करना पड़ सकता है। ऐसा हुआ तो उसे कर्ज देने वाले बैंक भी संकट में आ जाएंगे। इतना ही नहीं, ऐसे हालात भी पैदा हो सकते हैं कि देश के दूरसंचार क्षेत्र में एक-दो कंपनियां ही रह जाएं। यह नौबत आई तो विशाल भारतीय बाजार पर उनका एकछत्र अधिकार हो जाएगा, जिसका इस्तेमाल वे मनमाना रेट बढ़ाने में कर सकती हैं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने फ्री किया डिजिटल ट्रांजैक्शन, शेयर 8 प्रतिशत चढ़े




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** डिजिटल ट्रांजैक्शन पर लिए गए बैंक ऑफ बड़ौदा के फैसले का असर उसके शेयरों पर दिखाई दे रहा है।

शेयर काफी बढ़त के साथ ट्रएड कर रहे हैं।कोरोनावायरस के प्रकोप को देखते हुए लोग घरों से कम बाहर निकल रहे हैं और डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा दिया जा रहा है। लोगों को डिजिटल ट्रांजैक्शन करने में आर्थिक भार न पड़े, इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र के दूसरे बड़े बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने आने वाले तीन महीने के लिए डिजिटल लेन-देन से सभी तरह के शुल्क हटाने की घोषणा की है। बैंक के इस फैसले का असर बैंक शएयरों पर देखने को मिल रहा है। शुरुआती ट्रेड में बैंक के शेयर करीब 2 पर्सेंट तेजी पर देखे गए थे और दोपहर बाद के सेशन में इसकी तेजी 8 पर्सेंट से ज्यादा हो गई है। दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर बीएसई पर बैंक का शेयर 8.22 पर्सेंट की तेजी के साथ 66.25 रुपये पर ट्रेड करता देखा गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक विक्रमादित्य सिंह खिंची ने एक बयान जारी कर बताया कि यह फैसला इसलिए किया गया है ताकि ग्राहक अधिक से अधिक डिजिटल लेनदेन को अपनाए। उन्हें बैंक शाखा में नहीं जाना पड़े और दूरस्थ रह कर ही सभी तरह की बैंकिंग सेवाओं का लाभ लिया जा सके।

इसके साथ ही बैंक ने अपना नया टीवी कामर्शल खुशियों का रिमोट कंट्रोल भी जारी किया है, जिसमें बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु ने बैंक की ब्रैंड ऐंबैसडर के रूप में काम किया है।

## रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न श्रेणियों की टिकट रियायतें खत्म की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न वर्ग के लोगों को किराये में मिलने वाली रियायतों को समाप्त करने की घोषणा की जिस पर रेल यात्रियों ने नाराज़गी जताई है। रेलवे की एक विज्ञप्ति के अनुसार कोविड-19 विषाणु की महामारी को रोकने के प्रयासों के क्रम में वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य यात्रियों को गैरजरूरी यात्रा के लिए हतोत्साहित करने के लिए ये निर्णय लिया है।



रेलवे कुल 53 श्रेणियों में रियायतें देता है जिनमें से अब केवल 15 श्रेणी के यात्रियों को रियायतें दी जाएंगी बाकी 38 श्रेणियों के लिए रियायतें खत्म कर दी गयीं हैं। विज्ञप्ति के अनुसार रोगियों, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को छोड़कर सभी आरक्षित एवं गैरआरक्षित श्रेणी के टिकटों के लिए रियायतों को वापस ले लिया गया है। यह रोक गुरुवार की मध्य रात्रि से लागू हो जाएगी और अगली सूचना तक जारी रहेगी। पहले से बुक रियायतों से टिकटों पर पूरे किराये का अंतर नहीं वसूला जाएगा।

## महान फुटबॉलर पीके बनर्जी का 83 वर्ष की उम्र में निधन

**कोलकाता।** भारत के महान फुटबॉलर पीके बनर्जी का शुक्रवार को यहां लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। बनर्जी के परिवार में उनकी बेटी पाउला और पूर्णा हैं जो नामचीन शिक्षाविद् हैं। उनके छोटा भाई प्रसून बनर्जी तृणमूल कांग्रेस से सांसद हैं।



एशियाई खेल 1962 के स्वर्ण पदक विजेता बनर्जी भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम दौर के साक्षी रहे हैं। वह पिछले कुछ समय से निमोनिया के कारण श्वास की बीमारी से जूझ रहे थे। उन्हें पार्किंसन, दिल की बीमारी और डिम्नेशिया भी था। वह दो मार्च से अस्पताल में लाइफ सपोर्ट पर थे। उन्होंने रात 12 बजकर 40 मिनट पर आखिरी सांस ली। 23 जून 1936 को जलपाईगुड़ी के बाहरी इलाके स्थित मोयनागुड़ी में जन्मे बनर्जी बंटवारे के बाद जमशेदपुर आ गए। उन्होंने भारत के लिए 84 मैच खेलकर 65 गोल किए। जकार्ता एशियाई खेल 1962 में स्वर्ण पदक जीतने वाले बनर्जी ने 1960 रोम ओलिंपिक में भारत की कप्तानी की और फ्रांस के खिलाफ एक एक से ड्रॉ रहे मैच में बराबरी का गोल किया। इससे पहले वह 1956 की मेलबर्न ओलिंपिक टीम में भी थे और चॅर्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर 4-2 से मिली जीत में अ हम भूमिका निभाई।

## शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा में तेजी, 34 पैसे चढ़ा रुपया

**मुंबई (आरएनएस)।** निर्यातकों के डॉलर की बिकवाली के बाद भारतीय रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 34 पैसे की मजबूती के साथ 74.78 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। रुपये में तेजी की उम्मीद के चलते डॉलर सूचकांक 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 102.08 पर पहुंच गया।घरेलू मुद्रा गुरुवार को डॉलर के मुकाबले 75.12 पर बंद हुई थी। इस बीच निवेशक अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस के प्रभावों को लेकर सतर्क बने हुए हैं और इससे कारोबारी भावनाएं प्रभावित हुईं।

## रिलायंस जियो की बादशाहत बरकरार, सभी कंपनियों को छोड़ा पीछे

» 4जी स्पीड मामला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने 4जी स्पीड के मामले में अन्य दूरसंचार कंपनियों को पछाड़ते हुये अपनी बादशाहत को लगातार बरकरार रखा है।

टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) द्वारा फरवरी के लिए प्रकाशित औसत 4जी डाउनलोड स्पीड के आंकड़ों में रिलायंस जियो ने एक बार फिर बाजी मार ली है। जियो की औसत डाउनलोड स्पीड 21.5 एमबीपीएस रही और वह लगातार 26 महीनें से स्पीड के मामले में सबसे तेज 4जी नेटवर्क बना हुआ है। जियो की 4जी स्पीड, एयरटेल और वोडाफोन से ढाई गुना, आइडिया से तीन गुना से भी अधिक नापी गई।




ट्राई द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार फरवरी में भारती एयरटेल के प्रदर्शन में मामूली सुधार देखा गया। एयरटेल की औसत 4जी डाउनलोड स्पीड जनवरी के 7.9एमबीपीएस के मुकाबले फरवरी में 8.0 एमबीपीएस रही। जियो के मुकाबले एयरटेल की स्पीड ढ़ाई गुना कम है। हालांकि वोडाफोन और आइडिया सेल्युलर ने अपने कारोबार का विलय कर लिया है और अब वोडाफोन आइडिया के रूप में काम कर रहे हैं पर ट्राई दोनों के आकंड़े अलग अलग दिखाये है। वोडाफोन नेटवर्क की औसत 4 जी डाउनलोड स्पीड में भी मामूली सुधार रहा।

फरवरी माह में वोडाफोन की स्पीड एयरटेल के बराबर 8.0 एमबीपीएस रही। जोकि रिलांयस जियो के मुकाबले लगभग ढ़ाई गुना कम है। जनवरी में वोडाफोन की 4जी डाउनलोड स्पीड 7.6 एमबीपीएस मापी गई थी। आइडिया की स्पीड में फरवरी में गिरावट दर्ज की है, अब उसकी 4जी डाउनलोड स्पीड जनवरी के 6.5 एमबीपीएस के मुकाबले 6.3 एमबीपीएस रह गई है।

## एफआईएच प्रो लीग का स्थगन 17 मई तक बढ़ा

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने कोविड-19 महामारी के कारण प्रो लीग के सभी मैचों को अब 17 मई तक स्थगित कर दिया है। इनमें भारत के मैच भी शामिल हैं। एफआईएच ने पिछले शनिवार को प्रो लीग के सभी मैचों को 15 अप्रैल तक स्थगित किया था।

विश्व हॉकी की सर्वोच्च खेल संस्था ने बयान में कहा, 'कोविड-19 प्रकोप के ताजा घटनाक्रम के आधार पर और दुनियाभर में संबंधित सार्वजनिक अधिकारियों की प्रतिक्रिया के आधार पर एफआईएच ने सभी भागीदार राष्टीय महासंघ के समर्थन से एफआईएच हॉकी प्रो लीग को स्थगित करने की समयसीमा 17 मई तक बढ़ाने का फैसला किया।



भारतीय पुरुष टीम को 25 और 26 अप्रैल को जर्मनी के खिलाफ बर्लिन में दो मैच खेलने थे जबकि इसके बाद उसने लंदन दो और तीन मई को ग्रेट ब्रिटेन का सामना करना था। भारत को इसके बाद 23 और 24 मई को न्यूजीलैंड की मेजबानी करनी है और फिर उसे पांच और छह जून को अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए जाना है। भारत का एफआईएच प्रो लीग में आखिरी मुकाबला स्पेन से होगा जिससे उसे वैलेंसिया में 13 और 14 जून को खेलना है।

## कोरोना वायरस महामारी के चलते फिच ने घटायी भारत की वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** फिच रेटिंग्स ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2020-21 के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि कोरोना वायरस के प्रकोप से निवेश और निर्यात प्रभावित होगा। इससे पहले फिच ने दिसंबर 2019 में अनुमान जताया था कि 2020-21 के लिए भारत की विकास दर 5.6 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.5 प्रतिशत रहेगी। फिच ने अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य 2020 में कहा कि आने वाले सप्ताहों में कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों की संख्या बढ़ती रहेगी लेकिन इसके बहुत अधिक तेजी से फैलाव को रोकने में कामयाबी मिलेगी। इसके बावजूद आर्थिक परिदृश्य नकारात्मक हैं। फिच ने कहा कि आपूर्ति पक्ष से व्यवधानों के चलते व्यावसायिक निवेश और निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है।

## शाहरुख की दो फिल्म के दीवाने हैं सिद्धार्थ निगम

अभिनेता सिद्धार्थ निगम सुपरस्टार शाहरुख खान के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। उन्हें शाहरुख का अभिनय बेहद पसंद है। खासकर बाजीगर में वह शाहरुख द्वारा निभाए गए किरदार के मुरीद हैं।



सोनी मैक्स 2 के टाइमलेस डिजिटल अवॉर्ड्स से इतर सिद्धार्थ ने कहा, शाहरुख ने बाजीगर और कुछ कुछ होता है में जिस तरह से अपने किरदार को निभाया है, वह मुझे बहुत पसंद है। हर बार जब मैं इन फिल्मों को देखता हूं, वह काफी फ्रेश लगते हैं। बाजीगर मेरी उनकी सबसे पसंदीदा फिल्म है, इसमें उनका किरदार बहुत सशक्त है। यह किरदार दर्शकों को अच्छा महसूस कराता है, जिसके चलते यह अपने आप में अनोखा है। मुझे नहीं लगता कि कोई और इसे इतने अच्छे तरीके से निभा पाता। सिद्धार्थ फिलहाल टीवी शो अलादीन नाम तो सुना होगा में अपने किरदार से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं।

## पर्दे पर जीवित शख्स के किरदार को निभाना एक अलग जिम्मेदारीः मोहित रैना



वेब सीरीज भौकाल में काम करने के बाद अभिनेता मोहित रैना अपने अनुभवों से बताते हैं कि पर्दे पर किसी जीवित शख्स के किरदार को निभाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी उस वक्त और भी बड़ी हो जाती है, जब आप जिस व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं, वह पुलिस है और वर्तमान में सेवारत है। यह कार्यक्रम असल जिंदगी में पुलिस नवनीत सिकेरा पर आधारित है। शो में मोहित के किरदार का नाम नवनीत सिकेरा है। मोहित ने बताया, यह सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक बेहद ही वास्तविक विषय पर आधारित है। यह असल जिंदगी के एक आईपीएस अधिकारी की कहानी है, जो अभी भी उत्तर प्रदेश पुलिस बल में एक महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत हैं। साल 2000 के दशक की शुरुआत में उन्होंने मुजफ्फरनगर सहित उत्तर प्रदेश के कई स्थानों का सफाया किया, जो उस वक्त देश की अपराध राजधानी के नाम से मशहूर थी। अभिनेता ने आगे कहा, यह कहानी उनकी ( नवनीत सिकेरा) जिंदगी पर आधारित है। वह वहां बेहद चर्चित हैं। उन्होंने खासकर, उत्तर प्रदेश में पुलिस बल की परिभाषा ही पूरी तरह से बदल दी।

## देवी की स्टारकास्ट ने नहीं ली कोई फीस : काजोल

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने कहा है कि शार्ट फिल्म देवी की स्टारकास्ट ने कोई फीस नहीं ली है।



काजोल की शॉर्ट फिल्म देवी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म में नेहा धूपिया, श्रुति हसन जैसी कई बड़ी एक्ट्रेसेज ने काम किया है और सभी के काम की खूब सराहना हो रही है। इस फिल्म को काजोल ने प्रोड्यूस किया है। काजोल ने कहा, हर कोई हर दिन एक छोटा स्टेप लेता है। मैं उन में से हूं जो आधा ग्लास भरा हुआ देखते हैं न कि ये आधा खाली। इस फिल्म के लिए हम साथ इसलिए आए क्योंकि हम इसमें विश्वास करते हैं। किसी ने भी इसके लिए एक भी रुपया नहीं लिया। फिल्म देवी में काजोल के अलावा नेहा धूपिया, नीना कुलकर्णी, श्रुति हसन, शिवानी रघुवंशी, संध्या म्हात्रे, रमा जोशी, मुक्ता बार्वे, रश्विनी दयामा जैसी एक्ट्रेसेस हैं। यह फिल्म नौ महिलाओं की कहानी है।

## आज का राशिफल

मेषः राशि का स्वामी मंगल-पापग्रहों की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी।

वृषभः आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

मिथुनः राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा।

कर्कः चंद्रमा सप्तम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

सिंहः राशी का स्वामी सूर्य शत्रु ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे।

कन्याः राशि स्वामी बुध सुख की वृद्धि कर रहा हैं रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

तुलाः आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी।

वृश्चिकः आपकी राशि से द्वितीय तृतीय पंचग्रही योग अभी कुछ दिन और चलेगा।

धनुः आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

मकरः आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे।

कुंभः आज आपके स्वास्थ्य सुख में रुकावट आ सकती है। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है।

मीनः आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है।

## बच्चों को टिफिन में देना है हेल्दी और टेस्टी लंच, तो 'ब्रेड चीला' है बेस्ट

**सामग्री :-**

पाव/ब्रेड- 2, सूजी- 1/2 कप, दही- 1/4, चावल का आटा- 1 चम्मच, हल्दी पाउडर- चुटकीभर, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 चम्मच, शिमला मिर्च-1/4 कप (बारीक कटा), गाजर- 1/4 कप (कद्दूकस की हुई), टमाटर- 1/4 कप (बारीक कटा), हरी मिर्च- 2, हरी धनिया- बारीक कटी।

**विधि :-**

एक बाउल में पाव या ब्रेड जो भी इस्तेमाल कर रहे हैं उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ लें। फिर उसमें दही और सूजी मिलाएं।




अब मिक्सी में डालकर अच्छी तरह पीस लें। अब इस बैटर में हल्दी, मिर्च, सारी सब्जियां, चावल का आटा, नमक डालकर मिक्स करें। अब तवा गरम करें और उसमें एक चम्मच घोल डालकर उसे अच्छे से फैलाएं। अच्छी तरह सेंकें फिर पलट कर दूसरी साइड भी सेंक लें। चीला तैयार है जिसे हरी चटनी या टमाटर की चटनी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 67

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 66 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## सू-दोकू- 67

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 66 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |